**राजेश कुमार, भा0प्र0से0, आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया द्वारा दिनांक 24.11.2025 को नीलाम पत्र वादों के समीक्षा बैठक की कार्यवाही:-**

**उपस्थिति:- पंजी के अनुसार।**

उपस्थित सभी जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी/पुलिस उपाधीक्षक (मु0)-सह-नोडल पदाधिकारी पूर्णिया/कटिहार/ अररिया/ किशनगंज का स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गयी। जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में जिला-वार समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत दृष्टिगत स्थिति के आलोक में निम्नांकित निदेश दिया जाता है:-

1. बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय, किशनगंज अनुपस्थित थे। उन्हें निदेश दिया जाता है कि अनुपस्थिति के संबंध में अपना स्पष्टीकरण पुलिस अधीक्षक, किशनगंज के माध्यम से उपलब्ध करावें।

2. माननीय अध्यक्ष-सह-सदस्य, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना के दिनांक-16.09.2025 के समीक्षा बैठक में दिये गये निदेश के आलोक में जिलों से अनुपालन प्रतिवेदन की माँग की गयी थी। जिलों से प्रतिवेदन प्राप्त है। प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी। यह पाया गया कि दिये गये निदेश का सम्यक अनुपालन जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के स्तर से नहीं किया गया है। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को माननीय अध्यक्ष-सह- सदस्य, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना द्वारा दिये गये निदेशों का अनुपालन करना है। इस संबंध में एक सप्ताह के अंदर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया जाता है।

3. जिला से लंबित नीलाम पत्र वादों तथा विगत 6 माह में निष्पादित एवं राशि की वसूली का प्रतिवेदन निम्नांकित है:-

| क्र0सं0 | जिला का नाम | कुल नीलाम पत्र वाद | 6 माह में निष्पादित नीलाम पत्र वाद | 6 माह में वसूली की राशि(लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 16884 | 466 | 749.52 |
| 2 | कटिहार | 13329 | 2362 | 2163.01 |
| 3 | अररिया | 11719 | 268 | 437.5 |
| 4 | किशनगंज | 7621 | 611 | 756 |

उपरोक्त में किशनगंज जिला को छोड़कर अन्य तीनों जिला का प्रतिवेदन अपेक्षाकृत असंतोषजनक है। जिला पदाधिकारी को इसमें तेजी लाने का निदेश दिया जाता है।

4. जिला स्तर पर लंबित BW तथा विगत 6 माह में निष्पादित BW की स्थिति निम्नवत है:-

| क्र0सं0 | जिला का नाम | लंबित **BW** | विगत 6 माह में निष्पादित **BW** |
|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 1529 | 224 |
| 2 | कटिहार | 610 | 82 |
| 3 | अररिया | 724 | 60 |
| 4 | किशनगंज | 4335 | 242 |

कटिहार तथा अररिया को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सभी पुलिस अधीक्षक को निदेश दिया जाता है कि अपने जिलान्तर्गत 02 सबसे निम्न प्रदर्शन करने वाले थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण पूछकर अपने मंतव्य के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध करावें।

5. <u>वर्ष 2005 के पूर्व के लंबित नीलाम पत्र वादों के समीक्षोपरांत जिला-वार स्थिति निम्नवत है:-</u>

अररिया जिला में कुल- 724 मामले लंबित हैं। जिला पदाधिकारी इसकी समीक्षा कर लें तथा पुराने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए शीघ्र निष्पादन किया जाय। अररिया जिले में पुराने मामलों में सरकारी पदाधिकारी/कर्मी द्वारा की गयी सरकारी राशि के गबन का अधिकांश मामला है। तथा यह भी परिलक्षित है कि पीठासीन पदाधिकारी द्वारा ठोस सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जा रही है। समाहर्त्ता, अररिया इसकी समीक्षा कर लें। तथा अनावश्यक रूप से लंबित रखने वाले पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। पूर्णिया जिला में 128 वाद तथा अररिया जिला में 50 वाद लंबित प्रतिवेदित हैं। पूर्णिया जिला में पाया गया कि अनुमंडल पदाधिकारी, सदर को छोड़ कर अन्य सभी पदाधिकारी-अपर समाहर्त्ता, पूर्णिया, अपर समाहर्त्ता भू-हदबंदी, पूर्णिया, अपर समाहर्त्ता विधि-व्यवस्था, पूर्णिया, जिला निलाम पत्र पदाधिकारी, पूर्णिया द्वारा सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। समाहर्त्ता, पूर्णिया इसकी समीक्षा कर लें। तथा अनावश्यक रूप से लंबित रखने वाले पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। किशनगंज जिले में कुल- 4335 मामला लंबित है। किशनगंज जिलान्तर्गत सभी मामलों में वारंट जारी किया गया है। लेकिन अन्य जिलों के पीठासीन पदाधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी है जो खेदजनक स्थिति है। वर्ष - 2005 के पूर्व के मामलों को शीघ्र सुनवाई करते हुए निस्पादित किया जाए।

6. सर्वाधिक बकाया राशि वाले शीर्ष 5 वाद की जिला-वार स्थिति निम्नानुसार है :-

5

| क्र0 | जिला का नाम | नीलाम पत्र पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | वाद की संख्या | अधियाची विभाग/बैंक का नाम | सन्निहित राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | अपर समाहर्त्ता, पूर्णिया | 1052/18-19 | निदेशक खाद्य प्रसंस्करण उद्योग विभाग | 5,17,64,000/- |
| 2 | | अपर समाहर्त्ता भू-हदबंदी, पूर्णिया | 661/14-15 | जिला प्रबंधक खाद्य राज्य निगम, पूर्णिया। | 5,03,54,662/- |
| 3 | | अपर समाहर्त्ता भू-हदबंदी, पूर्णिया | 663/14-15 | जिला प्रबंधक खाद्य राज्य निगम, पूर्णिया। | 4,06,41,885/- |
| 4 | | अपर समाहर्त्ता भू-हदबंदी, पूर्णिया | 671/14-15 | जिला प्रबंधक खाद्य राज्य निगम, पूर्णिया। | 3,42,20,746/- |
| 5 | | अपर समाहर्त्ता, पूर्णिया | 01/09-10 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पूर्णिया पूर्व। | 3,41,04,000/- |
| 1 | कटिहार | अपर समाहर्त्ता -सह- आपदा प्रबंधन, कटिहार। | 03/14-15 | BSFC, Katihar | 9,82,63,927/- |
| 2 | | अपर समाहर्त्ता -सह- आपदा प्रबंधन, कटिहार। | 02/14-15 | BSFC, Katihar | 2,90,86,738/- |
| 3 | | अपर समाहर्त्ता -सह- आपदा प्रबंधन, कटिहार। | 01/14-15 | BSFC, Katihar | 2,70,70,654/- |
| 4 | | उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण, कटिहार। | - | जिला प्रबंधक खाद्य राज्य निगम, कटिहार। | 1,36,34,218/- |
| 5 | | जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, कटिहार। | 842/23-24 | अंचल मनिहारी, सैरात। | 1,36,32,000/- |
| 1 | अररिया | अपर समाहर्त्ता, अररिया। | 06/11-12<br>09/14-15 | उप-विकास आयुक्त, अररिया। | 12,90,00,000/- |
| 2 | | अपर समाहर्त्ता, अररिया। | 03/2014-15 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सिकटी। | 2,95,02,667/- |
| 3 | | अपर समाहर्त्ता, अररिया। | 01/2011-12<br>04/14-15 | उप-विकास आयुक्त, अररिया। | 2,23,25,000/- |
| 4 | | अपर समाहर्त्ता, अररिया। | 03/11-12<br>06/2014-15 | उप-विकास आयुक्त, अररिया। | 1,92,75,000/- |
| 5 | | अपर समाहर्त्ता, अररिया। | 04/11-12<br>07/14-15 | उप-विकास आयुक्त, अररिया। | 1,75,65,500/- |
| 1 | किशनगंज | अपर समाहर्त्ता, किशनगंज। | 01/2014-15 | SFC | 4,48,80,351/- |
| 2 | | जिला आपूर्ति पदाधिकारी, किशनगंज। | 78/2014-15 | जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदा0, किशनगंज। | 1,91,24,640/- |
| 3 | | अपर समाहर्त्ता, किशनगंज। | 09/2014-15 | SFC | 69,12,984/- |
| 4 | | अपर समाहर्त्ता, किशनगंज। | 05/2014-15 | SFC | 64,80,999/- |
| 5 | | जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, किशनगंज। | 09/2016-17 | विद्युत विभाग | 18,37,449/- |

समीक्षा में यह पाया गया कि किशनगंज जिला को छोड़कर अन्य सभी जिलों की प्रगति काफी धीमी है। संबंधित जिला पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त नीलाम पत्र वादों से संबंधित अभिलेख की स्वयं जाँच करते हुए अपनी टिप्पणी उपलब्ध करावें।

7. जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय संयुक्त रूप से लंबित BW का साप्ताहिक समीक्षा कर संयुक्त प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी/पुलिस अधीक्षक को भेजते हुए इसकी प्रति अधोहस्ताक्षरी के ई-मेल पर भेजना सुनिश्चित करेंगे। अधिक राशि वाले निलाम पत्र वादों में त्वरित कार्रवाई/ **BW Execution**/राशि वसूली तथा वर्ष-2005 के पूर्व के वादों में प्रति सप्ताह कम से कम 5 **Cases** में ठोस एवं दृष्टिगत कार्रवाई करने के लिए उपरोक्त दोनों पदाधिकारी संयुक्त रूप से जिम्मेवार होंगे।

अन्त में सधन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

ह0/-
आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक :- 6644/रा०                                    पूर्णिया, दिनांक- 25.11.2025

प्रतिलिपिः- पुलिस उप महानिरीक्षक, पूर्णिया क्षेत्र, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- जिला पदाधिकारी पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- पुलिस अधीक्षक पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) -सह- नोडल पदाधिकारी, पूर्णिया/ कटिहार/ अररिया/ किशनगंज को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

Rajc K.
25/11/2025.
आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

6

ज्ञापांक :- ........................../रा0 पूर्णिया, दिनांक-...............................

प्रतिलिपिः- पुलिस उप महानिरीक्षक, पूर्णिया क्षेत्र, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- जिला पदाधिकारी पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- पुलिस अधीक्षक पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) -सह- नोडल पदाधिकारी, पूर्णिया/ कटिहार/ अररिया/ किशनगंज को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

ह0/-
आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक :- 6644/रा0 पूर्णिया, दिनांक- 25.11.2025

प्रतिलिपिः- माननीय अध्यक्ष-सह-सदस्य, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Raj K.
25/11/2025.
आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।